निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

10 ज्येष्ठ 1945 (श0)

(सं0 पटना 446) पटना, बुधवार, 31 मई 2023

सामान्य प्रशासन विभाग

आदेश

29 मई 2023

सं० 3/एम०–54/2015–10094/सा0प्र0—राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक विचारोपरांत निम्नांकित पदों को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.15 की अनुसूची में इस शर्त्त के साथ सम्मिलित किया जाता है कि **इस पद पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा नियोजन मात्र एक वर्ष के लिए ही किया जायेगा**–

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले प्रस्तावित पद |
|---|---|---|
| 1. | गृह विभाग (विशेष शाखा) | गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग के–<br>(i) कम्पनी कमांडर। |
| 2. | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय के–<br>(i) सहायक अभिलेख निदेशक। |
| 3. | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | (i) कीमैन–सह–चौकीदार। |
| 4. | सामान्य प्रशासन विभाग | बिहार प्रशासनिक सेवा के–<br>(i) उप सचिव |

3. उपरोक्त पदों पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इन पदों पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के उप सचिव।

---

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 446-571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in